# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 22.04.2026** **समय : 1905**

- **प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत ट्यूना, समुद्री भौवाल और जैव फ्लॉक उद्यमों को बढ़ावा देने के लिए सचिवालय में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।**
- **चिड़ियाटापू में प्रकृति भ्रमण और कार्बाइन्स कोव पर स्वच्छता अभियान के माध्यम से वि”व पृथ्वी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई।**
- **डिगलीपुर में बढ़ती बिजली मांग के चलते अस्थायी नियंत्रण उपाय लागू किए जाने से अब पीक आवर्स में अब स्ट्रीट लाइटें बन्द रहेंगी।**
- **निम्बुडेरा क्षेत्र में अवैध भाराब निर्माण पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साढ़े चार सौ लीटर लेहान बरामद किया।**

<><><><><><>

राजधानी श्री विजयपुरम स्थित सचिवालय में पिछले दिनों केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के मत्स्य विज्ञान प्रभाग ने अंडमान–निकोबार राज्य मत्स्य विभाग के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक का उद्देश्य आधुनिक मत्स्य प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन, प्रयोगशाला से जमीन तक तकनीक के हस्तांतरण को मजबूत करना तथा मत्स्य आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देना था। बैठक की अध्यक्षता सचिव पल्लवी सरकार ने की। प्रधान वैज्ञानिक एम. मुरुगनंदम ने जैवफ्लॉक प्रणाली, केकड़ा मोटापा, सजावटी मछली प्रजनन, जलीय जीव स्वास्थ्य प्रबंधन तथा किफायती चारा उत्पादन जैसी उन्नत तकनीकों पर प्रस्तुति दी। सचिव ने इन तकनीकों के व्यापक प्रसार पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत ट्यूना समूह, समुद्री शैवाल खेती और जैवफ्लॉक आधारित उद्यमों में सहयोग का आग्रह किया। बैठक में रक्त शंख पर अनुसंधान, कृत्रिम रीफ स्थापना, सजावटी मत्स्य क्षेत्र के विकास तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने पर भी चर्चा हुई। द्वीपों की विशाल मत्स्य क्षमता को देखते हुए वैज्ञानिकों ने बेहतर समन्वय और नीतिगत ढांचे की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम में लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। अंत में दोनों संस्थाओं के बीच सहयोग बढ़ाकर सतत् मत्स्य विकास, आजीविका संवर्धन और द्वीपों की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर सहमति बनी।

<><><><><><>

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य स्कूली विद्यार्थियों और आम लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। 15 अप्रैल को "हमारी शक्ति, हमारा ग्रह" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। 17 अप्रैल को चिड़ियाटापू में प्रकृति भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें चौंसठ विद्यार्थियों ने भाग लिया। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने क्षेत्र की जैव विविधता को समझा और बड़ा बालू क्षेत्र में पक्षी अवलोकन किया। 18 अप्रैल को कार्बिन्स कोव समुद्र तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें एकल उपयोग प्लास्टिक कचरे को एकत्र कर निस्तारित किया गया। समारोह का समापन आज डॉलीगंज स्थित परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के साथ हुआ, जहां लगभग 50 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए गए।

<><><><><><>

राजधानी श्री विजयापुरम में क्षेत्रीय आयुर्वेदीय अनुसंधान संस्थान, चक्करगांव द्वारा राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा 2026 के अंतर्गत आज ऑस्टिनाबाद आंगनवाड़ी केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और बच्चों में पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के प्रभारी डॉ. पी. पी. प्रदीप कुमार के उद्घाटन संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने मातृ एवं शिशु पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. एस. दीपिका ने शिशुओं के लिए केवल स्तनपान और समय पर पूरक आहार शुरू करने की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कुल 25 लाभार्थियों ने भाग लिया। अनुसंधान अधिकारी, डॉ. हरजीत सिंह द्वारा "माता एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल" और "माहवार प्रसव पूर्व देखभाल" से संबंधित सूचना, शिक्षा एवं संचार सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़े महत्वपूर्ण संदेश दिए गए।

<><><><><><>

विद्युत विभाग, डिगलीपुर ने अस्थायी बिजली नियंत्रण उपाय लागू करने की घोषणा की है। सहायक अभियंता कार्यालय द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, लक्ष्मीपुर, एरियल बे तथा मुख्यालय फीडर क्षेत्रों में प्रतिदिन शाम 6 बजे से रात 10 बजे तक स्ट्रीट लाइटें बंद रहेंगी। यह निर्णय पीक समय के दौरान बिजली की मांग बढ़कर लगभग 4.8 मेगावाट तक पहुंचने और कल्पोंग हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट में जल स्तर कम होने के कारण उत्पादन घटने के चलते लिया गया है। होटल, गेस्ट हाउस और अन्य बड़े उपभोक्ताओं को शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक अपने डीजल जनरेटर का उपयोग करने की सलाह दी गई है। इसके अलावा क्रशर इकाइयों को शाम 5 बजे से सुबह 6 बजे तक संचालन नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।

<><><><><><>

निम्बुडेरा क्षेत्र के अंतर्गत गोविंदपुर गांव के पास घने जंगल में अवैध शराब निर्माण की सूचना मिलने पर कल पुलिस ने सघन तलाशी अभियान चलाया। पुलिस स्टेशन बिल्लीग्राउन्ड की टीम, जिसका नेतृत्व उपनिरीक्षक माणिक्कम द्वारा किया गया, संदिग्ध स्थानों पर व्यापक खोजबीन की गई। अभियान के दौरान जंगल में अलग–अलग स्थानों पर छिपाकर रखी गई लगभग 450 लीटर अवैध लेहान बरामद की गई। हालांकि मौके पर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला। पुलिस ने बरामद लेहान और संबंधित कंटेनरों को मौके पर ही नष्ट कर दिया। आम जनता से पुलिस ने अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों की जानकारी निकटतम थाने या हेल्पलाइन नंबर 100, 112 और 03192–273344 पर साझा करें। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

<><><><><><>

बम्बूफ्लाट थाना पुलिस ने एक लापता नाबालिग बालिका को अड़तालीस घंटे के भीतर सकुशल तलाश कर ली है। पिछले दिनों 17 अप्रैल को चुना भट्टा क्षेत्र से नाबालिग के लापता होने की पुलिस को सूचना मिली थी, जिसके बाद तत्काल मामला पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक एस. कन्नन के नेतृत्व में तीन विशेष टीमें गठित की गईं, जो बम्बूफ्लाट के उप पुलिस अधीक्षक सुनील के पर्यवेक्षण में कार्य कर रही थीं। 19 अप्रैल को पुलिस ने नायागांव, दूधलाइन क्षेत्र से नाबालिग बालिका को तलाश लिया। यह पूरी कार्रवाई दक्षिण अंडमान की पुलिस अधीक्षक श्वेता के. सुगाथन के निर्देशन में संपन्न हुई।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ द्वारा अप्रैल और मई के दौरान जिला एवं राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, ओपन सीनियर राज्य एथलेटिक्स प्रतियोगिता 2 से 3 मई तक आयोजित होगी। दक्षिण अंडमान जिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 25 से 26 अप्रैल को होगी, जबकि राज्य बास्केटबॉल प्रतियोगिता 3 से 4 मई तक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा दक्षिण अंडमान जिला स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता 9 से 10 मई, जिला हॉकी प्रतियोगिता 9 से 17 मई तथा जिला ट्रैक साइक्लिंग प्रतियोगिता 16 से 17 मई तक आयोजित होगी। वहीं, दक्षिण अंडमान ओपन राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता 23 से 24 मई को आयोजित की जाएगी। संघ के अनुसार, इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को निर्धारित तिथियों तक अपनी प्रविष्टियां जमा करनी होंगी। यह सभी प्रतियोगिताएं आगामी राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों के चयन का आधार बनेंगी।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला परिषद द्वारा ग्रामीण आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के प्रयासों के तहत कालिकट वार्ड संख्या छ में सड़क नवीनीकरण कार्य की शुरुआत की गई। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान जिला परिषद अध्यक्ष, प्रकाश अधिकारी ने शिलान्यास किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, रजनीश सिंह भी उपस्थित रहे।

<><><><><><>